कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–माध्य/मा–स/विविध/दिवस/2018–19/ दिनांक : 06.11.18

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा।

विषय :– दिनांक : 11.11.2018 को "राष्ट्रीय शिक्षा दिवस" का आयोजन समारोहपूर्वक किए जाने बाबत्।

प्रसंग :– शासन का पत्रांक : प.24(8)शिक्षा–6/2016, दिनांकः 29.10.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक शासकीय निर्देशों के क्रम में लेख है कि स्वतंत्र भारत के प्रथम केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं विख्यात स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिवस 11 नवम्बर को "राष्ट्रीय शिक्षा दिवस" को उत्सव के रूप में मनाए जाने के सम्बन्ध में शिविरा पंचांग में स्थाई निर्देश प्रदत्त हैं। आगामी 11 नवम्बर, 2018 को रविवारीय अवकाश के कारण पंचाग में प्रदत्त निर्देशानुरूप (एक दिवस पूर्व अथवा पश्चात्) उक्त उत्सव को समस्त शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम से उत्साह के साथ समारोहपूर्वक मनाए जाने हेतु पाबन्द किया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त अवसर पर विद्यालयों में मौलाना आजाद की जीवनी एवं शिक्षा के महत्व तथा देश में शिक्षा के लिये प्रतिबद्धता हेतु रैली, भाषण, निबन्ध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

समस्त सम्बन्धितों द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. शासन सहायक सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
2. निदेशक,प्रारम्भिक शिक्षा,राजस्थान, बीकानेर।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा ।
4. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा अभियान।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ।
6. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
7. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा ।
8. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

E:\Genral letter.docx